दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 10 मार्च-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 80 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3

ये करंट क्राइम वाले न जाने क्या करके मानेंगे



अभिषेक गर्ग (नाईस बॉय)

## आ रही है मस्तानों की टोली, खेलने के लिए होली

# 12 मार्च को सभी लोग रंग जाओ दैनिक करंट क्राइम के रंग में




कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








नई दिल्ली। सोमवार 10 मार्च-2025 | वर्ष : 10 अंक : 80 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम योगी

## प्रदेश अध्यक्ष के नामों और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हुई चर्चा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रविवार, 9 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुलाकात की. सीएम योगी और पीएम मोदी के बीच महाकुंभ के समापन के बाद ये पहली औपचारिक मुलाकात है. इस मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई. जानकारी के अनुसार यूपी में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और सांगठनिक चुनाव और प्रदेश में होनी वाली नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई. पीएम मोदी और सीएम योगी की बैठक में कुंभ के विभिन्न आयामों पर भी बातचीत हुई.

इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार, 8 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की थी. सूत्रों की मानें तो नड्डा के साथ बैठक में भी इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई थी.

यूपी में कैबिनेट विस्तार के संदर्भ में बात करें तो फिलहाल 6 मंत्रियों की जगह खाली है. इसको लेकर यूपी बीजेपी और हाईकमान के बीच मंथन जारी है. सूत्रों के अनुसार यूपी बीजेपी के मौजूदा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को योगी कैबिनेट में जगह मिल सकती है. इसके अलावा विभिन्न आयोगों में नेताओं के समायोजन को लेकर भी सांगठनिक वार्ता जारी है.

**यूपी बीजेपी अध्यक्ष पर भी होना है फैसला :** कैबिनेट विस्तार के अलावा यूपी बीजेपी के अध्यक्ष के लिए भी नाम की घोषणा होनी है. कुछ नाम रेस में भी हैं. सूत्रों की मानें तो पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, बीएल वर्मा, धर्मपाल सिंह, स्वतंत्र देव सिंह के नाम इस रेस में है.

इसके साथ ही यूपी में जिलाध्यक्षों की लिस्ट की बात करें तो बीते महीने फरवरी में बीजेपी नेता विनोद तावड़े लखनऊ आए थे. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तावड़े ने जिलाध्यक्षों की सूची पर भी मंथन किया था.

माना जा रहा है कि जिलाध्यक्षों की सूची आने के बाद अध्यक्ष पद के लिए नामांकन होगा. बीते दिनों पत्रकारों से बात करते हुए यूपी बीजेपी चीफ भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा था कि यूपी बीजेपी में सांगठनिक बदलाव जल्द ही होंगे. सभी मुद्दों पर पार्टी के भीतर चर्चा जारी है.

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एम्स में भर्ती

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हॉस्पिटल जाकर लिया हालचाल

### सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद एम्स में भर्ती कराया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई को सूत्रों ने बताया कि 73 वर्षीय धनखड़ को बीते शनिवार रात अस्पताल लाया गया। उनकी हालत स्थिर है और और उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

बताया जा रहा है कि उपराष्ट्रपति को देर रात को बेचैनी और सीने में दर्द हुआ। जिसके बाद उन्हें देर रात करीब 2 बजे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों का कहना है कि उपराष्ट्रपति की हालत स्थिर है और उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में निगरानी में रखा गया है।

धनखड़ को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया। सूत्र ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का एक ग्रुप उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है।

### एम्स पहुंचकर पीएम ने उपराष्ट्रपति का हालचाल जाना



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के एम्स में भर्ती होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी के लिए एम्स का दौरा किया। इस बात की जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी। उन्होंने लिखा, 'एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'

# ...ताकि होली पर बना रहे सौहार्द : अधिकारियों की अपील पर मुस्लिम समुदाय ने बढ़ाया जुमे की नमाज का समय



**लखनऊ।** अंबेडकरनगर जिले की तहसील टांडा सभागार में एसडीएम डॉ. शशिशेखर और सीओ शुभम कुमार की अध्यक्षता में होली के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान अधिकारियों की अपील पर मुस्लिम धर्मगुरुओं ने नमाज का समय एक घंटा बढ़ाने पर सहमति दी। एसडीएम ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

बिजली, पानी और सफाई की संक्षिप्त व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। कहीं किसी प्रकार की समस्या आने पर आप सब अफवाह पर ध्यान न देकर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सीओ ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील की कि 14 मार्च को होली और जुमे की नमाज एक साथ पड़ रही है। इसलिए त्योहार मनाने में किसी प्रकार का व्यवधान न आए, इसके लिए नमाज का समय बढ़ा दिया जाए। साथ ही हर मस्जिद पर दो-दो वॉलंटियर तैनात कर उनका मोबाइल नंबर पुलिस से साझा करें, ताकि कहीं समस्या होने पर तत्काल निदान कराया जा सके।

अधिकारियों की अपील पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि जुमे के दिन नमाज दोपहर 12.40 से डेढ़ बजे की जगह दोपहर दो बजे से ढाई बजे तक होगी। 1.45 बजे के बाद अजान होगी, जिसके बाद नमाज शुरू होगी।

बैठक में नायब तहसीलदार अंबरीश सिंह, प्रभारी निरीक्षक दीपक सिंह रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद टांडा हाजी इफ्तिखार, मदरसा प्रबंधक हाजी अशफाक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राजा भैया की बढ़ीं मुश्किलें... पत्नी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। राजा भैया पर उनकी पत्नी ने प्रताड़ित करने का



आरोप लगाया था और पत्नी की शिकायत पर राजा भैया के खिलाफ यह एफआईआर दर्ज हुई है। जानकारी के मुताबिक, राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने अपने पति के खिलाफ दिल्ली पुलिस में गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पति पर शारीरिक और मानसिक क्रूरता का आरोप लगाया है। भानवी का आरोप है कि राजा भैया ने उन्हें वर्षों तक शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया है।

भानवी सिंह ने अपनी शिकायत में कहा कि लगातार मारपीट के कारण उनके शरीर के अंग क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उनकी जान को खतरा है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायत दर्ज कराई थी।

राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह का तलाक का केस अभी कोर्ट में चल रहा है। राजाभैया और उनकी पत्नी के बीच कलह की बात कई वर्षों से चल रही थी लेकिन यह मामला सार्वजनिक तब हो गया जब भानवी सिंह ने राजाभैया के बेहद करीबी एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह पर धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया की शादी साल 1995 में बस्ती राजघराने की राजकुमारी भानवी सिंह के साथ हुई थी। शादी के समय राजाभैया की उम्र करीब 25 साल जबकि भानवी 20 वर्ष की थी। दोनों को चार बच्चे हैं। कुछ वर्षों से दोनों के रिश्ते के बीच खटास आनी शुरू हो गई थी और राजाभैया से अलग होकर भानवी सिंह दिल्ली स्थित अपने आवास पर रहने लगी थीं।

# गड्ढामुक्त होंगी दिल्ली की सड़कें पीडब्ल्यूडी ने कर ली है बड़ी तैयारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों के गड्ढे 30 अप्रैल तक खत्म हो जाएंगे। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से इस संबंध में योजना तैयार की गई है। इसके लिए मेनटेंनस वैन तैनात किया गया है। विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों पर 7000 गड्ढे हैं। बीते 21 फरवरी को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली मंत्रिपरिषद के समक्ष इस बारे में एक प्रेजेंटेशन भी दिया गया था। इस प्रेजेंटेशन में विभिन्न निविदाओं को आमंत्रित करने और काम शुरू करने के लिए कुछ समय सीमाएं निर्धारित की गई हैं।

**गड्ढे भरने का काम शुरू :** विभाग के अधिकारी ने कहा कि रखरखाव वैन का उपयोग करके गड्ढे भरने काम का शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही विभाग ने मरम्मत की आवश्यकता वाले 20 लाख वर्ग मीटर सड़क पैच की पहचान की है। इन मरम्मतों के लिए निविदा प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी होगी और काम 30 अप्रैल तक पूरा कर दिया जाएगा।

**पीडब्ल्यूडी मंत्री ने प्रस्ताव को दी मंजूरी :** वहीं दूसरी तरफ दिल्ली की सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पीरागढ़ी चौक से टिकरी बॉर्डर तक 13.23 किमी लंबे दिल्ली-रोहतक रोड (एनएच-10) को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस महत्वपूर्ण फैसले को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सैद्धांतिक रूप से सहमति दे चुके हैं, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग को हाईवे में बदलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वर्तमान में दिल्ली सरकार के हिस्से वाली इस सड़क ही हालत कई जगहों पर बेहद खराब है।








**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी का उल्लास श्री काशी विश्वनाथ धाम में नजर आने लगा है। शनिवार को फूलों की होली के साथ तीन दिवसीय उत्सव की शुरूआत हो गई। शिवार्चनम मंच के निकट तीन दिनों के लिए बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा को विराजमान कराया गया। विराजमान चल विग्रह के साथ शाम को श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेली।

मंदिर चौक पर शनिवार को स्थित शिवार्चनम मंच हर-हर महादेव के जयकारे से गूंज उठा। मंदिर चौक में विराजमान बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की प्रतिमा के सम्मुख रंगभरी एकादशी के तीन दिवसीय लोक उत्सव आरंभ हो गए। नौ मार्च को हल्दी लगाने की परंपरा निभाई जाएगी। इसके साथ ही अबीर और गुलाल की होली खेली जाएगी। 10 मार्च को सुबह भस्म अर्पण, अपराह्न में हल्दी व भस्म अर्पित की जाएगी। शाम को श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से प्राप्त होली सामग्री, वनवासी समाज से प्राप्त पलाश गुलाल एवं काशी की भस्म बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा को अर्पण कर रंगभरी एकादशी का उत्सव मनाया जाएगा।

10 मार्च को सायं 4 बजे मंदिर चौक से चल विग्रह की पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें काशीवासी एवं धाम में पधारे श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस लोक आयोजन के अंग बन सकें इस उद्देश्य से इस वर्ष मंदिर चौक के विस्तृत क्षेत्र में उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लाखों की संख्या में इस वर्ष काशीवासी एवं धाम में आने वाले श्रद्धालु इस लोकोत्सव के सहभागी होंगे।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा तथा पर्व की भव्यता के दृष्टिगत बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की पालकी शोभा यात्रा भी मंदिर चौक के वृहद परिसर से मंदिर प्रांगण में प्रवेश करते हुए गर्भगृह में प्रवेश करेगी।

### काशी विश्वनाथ एवं मां गौरा को लगी हल्दी वनवासी समाज ने बाबा को अर्पित किया गुलाल







वाराणसी। रंगभरी एकादशी त्रिदिवसीय लोक उत्सव की शृंखला में इस वर्ष मंदिर के पारंपरिक पर्व को लोकमानस के और निकट लाने का प्रयास किया गया। 8 मार्च को बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल प्रतिमा शास्त्रीय अर्चना के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम मंच के निकट तीन दिन के लिए विराजमान की गई। यह विशेष आयोजन भक्तों और श्रद्धालुओं के बीच गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से किया गया। रंगभरी उत्सव की इसी श्रृंखला में रविवार की सुबह मथुरा श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेंट की गई अबीर एवं उपहार सामग्री तथा सोनभद्र से श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे वनवासी समाज के भक्तों द्वारा राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। मंदिर के सीईओ विश्व भूषण मिश्र एवं डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन किया और हर्बल गुलाल अर्पित किया। इसके पश्चात बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की पालकी मंदिर चौक में निकाली गई।

# महिला समृद्धि योजना : 1 अप्रैल से पंजीकरण शुरू होने की उम्मीद!

## 20 लाख से अधिक महिलाओं को होगा फायदा




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट की मुहर लगते ही महिला समृद्धि योजना को लागू करने की दिशा में काम तेज हो गया है। एक अप्रैल से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। इसके बाद पात्र महिलाओं के खातों में 2500 ट्रांसफर किए जाएंगे।

दिल्ली सरकार अधिकारियों का कहना है कि योजना को लागू करने से पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बनी मंत्रियों की समिति मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र सहित भाजपा शासित राज्यों की योजनाओं का अध्ययन करेंगी। इस दौरान नियम व शर्तों को तय किया जाएगा।

इसके तहत दिल्ली में 20 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। दिल्ली में 18 से 60 साल की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को इस योजना में शामिल किया जाएगा। इनमें ऐसी महिलाओं को लाभ नहीं मिलेगा जो कहीं नौकरी कर रही हों या कामकाजी हों। इसके अलावा किसी सरकारी योजना के तहत पेंशन पाने वाली महिलाएं भी योजना के दायरे से बाहर रहेंगी। योजना का लाभ हासिल करने के लिए महिलाओं के पास दिल्ली का वोटर आईकार्ड, आधार व पेन कार्ड होना अनिवार्य है।

# नंदगांव में लठामार होली ...नगाड़ों की थाप पर नाच रहे श्रद्धालु







## गोपियों ने बरसाना के ग्वालों पर बरसाई प्रेम की लाठियां

**मथुरा।** मथुरा के नंदगांव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली नंदगांव में लठामार होली की धूम मची हुई है। बरसाने की प्रसिद्ध लठमार होली के बाद अब नंदगांव में भी रंग, उमंग और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा है। दूरदराज से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। होली के इस अनूठे उत्सव का आनंद ले रहे हैं।

**श्रद्धालु ढप-नगाड़ों की थाप पर झूमे :** रंगों और गुलाल से सराबोर श्रद्धालु ढप और नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए नंदगांव के प्रमुख मंदिरों और गलियों में उमंग के साथ घूम रहे हैं। चारों ओर 'राधे-राधे' और 'कृष्ण-कन्हैया लाल की जय' के जयघोष गूंज रहे हैं। नंदगांव का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

**लठामार होली चौक दुल्हन की तरह सजा :** लठामार होली के मुख्य आयोजन स्थल लठामार होली चौक को विशेष रूप से सजाया गया है। रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और झालरों से पूरा क्षेत्र अद्भुत नजारा पेश कर रहा है। यहां शाम को लठामार होली का मुख्य आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।

इस अद्भुत परंपरा के तहत नंदगांव की गोपियां बरसाने के ग्वालों को प्रेम की लाठियों से प्रहार करेंगी और ग्वाले उनकी छेड़छाड़ का आनंद लेंगे। यह आयोजन श्रीराधा-कृष्ण के प्रेम और रासलीला की स्मृति में होता है। इस खेल को देखने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु उमड़े हुए हैं।

**सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद :** इस विशाल आयोजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जा रही है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर तैनात है] ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

**भक्तिमय हुआ नंदगांव, रासलीलाओं का आयोजन :** होली के इस पावन अवसर पर नंदगांव के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है।

### श्रद्धालुओं में उत्साह, होली की मस्ती में सराबोर नंदगांव

देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। वे अबीर-गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में झूम रहे हैं और इस अलौकिक अनुभव को अपने हृदय में संजो रहे हैं। शाम को होने वाले मुख्य लठामार होली आयोजन में रंगों और प्रेम की वर्षा होगी, जिसमें राधा-कृष्ण की अमर प्रेम गाथा जीवंत हो उठेगी।

### खोया-पाया

मैं संजय जैन पुत्र स्व.सुभाष चंद जैन निवासी डी-5/104सेवियर पार्क,मोहन नगर गा.बाद,है मो.9312992039 सूचित करता हूँ,कि जीडीए संबंधित मेरे फ्लैट न.2/80हिमांशु अपार्टमेंट ब्लॉक 2 सेक्टर -2राजेंद्र नगर गाजियाबाद के रजिस्ट्री के कागजात जिसकी बही संख्या.1जिल्द संख्या 5206 पेज न.75से96 क्रमांक स.8078 दिनांक 06/09/2008 को सब रजिस्ट्रार तृतीय गाजियाबाद में पंजीकृत है,गुम हो गए है।मिलने पर उपरोक्त पते पर सूचित करें।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# भारत ने जीता चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल, न्यूजीलैंड को 4 विकेट से दी शिकस्त

## 25 साल पुरानी हार का बदला लिया, भारतीय टीम ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिनर्स की कसी हुई गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास भी रच दिया है। भारतीय टीम अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे।

इतना ही नहीं टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है।

दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए।

**कीवी टीम की शानदार शुरूआत :** पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को अच्छी शुरूआत मिली। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और विल यंग के बीच 57 रन की पार्टनरशिप हुई। वरुण चक्रवर्ती ने विल यंग को छइह आउट इस पार्टनरशिप को तोड़ा। यंग ने 23 गेंदों पर 15 रन बनाए।

इसके बाद कुलदीप यादव ने लगातार 2 अहम विकेट लेकर भारत की वापसी करा दी। 11वें ओवर में कुलदीप ने रचिन रवींद्र को बोल्ड किया। रचिन ने 29 गेंदों पर 37 रन बनाए। 13वें ओवर में कुलदीप ने केन विलियमसन को कॉट एंड बोल्ड आउट किया। केन 14 गेंदों पर 11 रन बना पाए।





**मिचेल ने बनाए 63 रन :** इसके बाद तो कीवी टीम नियमित अंतराल में विकेट खोती चली गई। रवींद्र जडेजा ने टॉम लाथम को 14 के स्कोर पर छइह आउट किया। वरुण चक्रवर्ती ने ग्लेन फिलिप्स को 34 के स्कोर पर बोल्ड किया। डेरेल मिचेल ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 चौके भी लगाए।

कप्तान मिचेल सेंटनर 8 के स्कोर पर रन आउट हुए। माइकल ब्रेसवेल 40 गेंदों पर 53 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए। साथ ही मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा के खाते में 1-1 विकेट आया।

**भारत की शानदार शुरूआत :** ओपनर रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय टीम को तगड़ी शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रनों की पार्टनरशिप हुई। 19वें ओवर में गिल कैच आउट हुए। उन्होंने 50 गेंदों का सामना किया और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। अगले ही ओवर में भारत को दूसरा झटका लगा। इन फॉर्म विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। विराट ने 2 गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया।

**शतक से चूके रोहित शर्मा :** शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान रोहित शर्मा गलत शॉट खेलकर स्टंपिंग हुए। हिटमैन ने 83 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। अपनी इस पारी में रोहित ने 7 चौकों की साथ ही 3 छक्के भी लगाए। रोहित का विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने 61 रन जोड़े। फिफ्टी के करीब पहुंच चुके अय्यर 39वें ओवर में कैच आउट हुए। उन्होने 62 गेंदों का सामना किया और 2 चौके-2 छक्के की बदौलत 48 रन की पारी खेली।

**अक्षर ने दिया अहम योगदान :** 42वें ओवर में भारतीय टीम को 5वां झटका लगा। भारतीय टीम जीत की तरफ बढ़ ही रही थी तभी अक्षर पटेल बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हो गए। अक्षर ने 40 गेंदों पर 29 रन की पारी खेली। भारतीय टीम जीत के करीब थी तभी 48वें ओवर में हार्दिक पांड्या कॉट एंड बोल्ड आउट हुए। उन्होंने 18 गेंदों पर 18 रन बनाए।

# तेल के खेल में दो सुपरवाइजर निलंबित

## मेयर ने किया निरीक्षण, तो नगर आयुक्त ने किया सस्पेंशन

### दोषियों के विरुद्ध दर्ज होगा मुकदमा नगर आयुक्त का आदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम में तेल का खेल कोई नया मामला नहीं है। इस मामले की शिकायत मेयर सुनीता दयाल को मिली, तो वह मौके पर पहुंची और जानकारी ली। तो नंदी गौशाला के सामने स्थित पेट्रोल पंप पर सुपरवाइजर संजय जो की स्थाई कर्मचारी हैं, तत्काल निलंबित किया गया और दो आउटसोर्सिंग कर्मचारी सत्येंद्र तोमर व सत्येंद्र पोद्दार को बर्खास्त किया गया है। पेट्रोल पंप पर निगरानी बनाए रखने के लिए सीसीटीवी लगाने और पेट्रोल पंप की बाउंड्री ऊंची करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पेट्रोल पंप पर सभी डाटा डिजिटल करने का भी टीम को निर्देश दिया गया है। उधर इस मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है की जांच के बाद सभी के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया जाएगा। साथ ही जोनल सेनेटरी ऑफिसर और संबंधित बाबू को स्पष्टीकरण भी जारी कर दिया गया है। तेल का खेल पहले भी नगर निगम गाजियाबाद के कई कर्मचारियों के लिए घातक रह चुका है।





### बोर्ड बैठक में भी आया था तेल चोरी का मुद्दा

करंट क्राइम : नगर निगम गाजियाबाद में बोर्ड की बैठक हुई थी। बोर्ड बैठक में भी पार्षदों ने नगर निगम में तेल चोरी के मुद्दे को उठाया था। जिसके बाद महापौर सुनीता दयाल ने अधिकारियों और संबंधित विभाग के प्रभारी को इस मामले की रिपोर्ट तैयार करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

### छुट्टी के दिन ड्यूटी पर थे कर्मचारी और कर रहे थे मनमानी

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सभी विभागों के वाहनों को नंदग्राम स्थित सरकारी पेट्रोल पंप के माध्यम से डीजल की आपूर्ति की जाती है। जिसमें 2000 लीटर डीजल चोरी होने के प्रकरण की शिकायत के बाद नगर आयुक्त और महापौर ने संयुक्त रूप से निर्देश देते हुए यह एक्शन लिया है। डीजल चोरी प्रकरण की शिकायत प्राप्त होने पर सेनेटरी जोनल ऑफिसर द्वारा मौके पर जांच की गई। डीजल वितरित करते समय अनियमितताए पाए जाने पर डीजल की गाड़ी और अन्य वाहनों को जप्त कर लिया गया है। कार्रवाई की गई है। वहीं छुट्टी के दिन इस प्रकार का कृत किया जा रहा था, जिसकी शिकायत प्राप्त हुई है। सूचना पर महापौर और नगर आयुक्त ने एक्शन भी लिया है।

### पेट्रोल पंप का डाटा होगा डिजिटल, दर्ज होगा आरोपियों पर मुकदमा

करंट क्राइम : नगर निगम में पेट्रोल पंप पर तेल का खेल पहले भी कई बार सुर्खियों में रहा है। यहां कई तरीके के मिली भगत और चोरी के आरोप लगाते रहे हैं। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने संबंधित विभागीय अधिकारी को मॉनिटरिंग प्रमुखता से करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही इस पूरे मामले की जांच करने के बाद दोषी कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग कर्मियों पर भी मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पूरा डाटा डिजिटल रूप से तैयार हो ताकि उसमें हेराफेरी ना की जा सके।

# होली पर हुड़दंग करने वाले हो जाएं सावधान!

## पुलिस ने बना लिया है हंगामा करने वालों के खिलाफ प्लान

### बाइक से स्टंट करने वालों की बनेगी वीडियो और जाना पड़ेगा जेल

### क्विक रिएक्शन टीम हर इलाके में हंगामा करेगी कंट्रोल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** होलिका दहन एवं होली त्यौहार को सकुशल एवं शान्ति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों ने होली पर सुरक्षा व्यवस्था की रणनीति बनाते हुए आदेश किया है कि यदि होली पर कोई हुड़दंग करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसके साथ ही अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ भी पुलिस अभियान चला रही है। होली के दिन बाइक पर ट्रिपलिंग करने व शराब के नशे में चलने वालों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

### कमिश्नरेट के 25 थानों की फोर्स रहेगी अलर्ट

**करंट क्राइम :** होली की तैयारियों को लेकर समस्त अधिकरी एवं कर्मचारीगणों को पुलिस अधिकारियों ने समुचित दिशा निर्देश दिये है। जनपद के सभी थानों मे नियुक्त समस्त पुलिस बल का व्यस्थापन करके ड्यूटी में लगाया गया है। पुलिस कर्मियों के अवकाश पर भी रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को भी सभी 25 थानों में टीमे बनाकर भेजा जा रहा है। वहीं कार्यालयों/पुलिस लाइन मे नियुक्त निरीक्षक/उपनिरीक्षक/आरक्षियों की व अधिकारियों/कर्मचारियो की कुल अलग-अलग 50 टीमें और बनाकर थाने को आवंटित की गई हैं। साथ ही पुलिस लाइन में कई टीमें एक एक निरीक्षक के नेतृत्व में क्यू आरटी टीम के रूप में रिजर्व रखा गया है।

### दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस रहेंगे पुलिसकर्मी



करंट क्राइम : होली के दिन ड्यूटी करने वाले सारे पुलिस बल को दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस करके ड्यूटी मे लगाया जा रहा है। इसी तरह पीएसी को भी अलग अलग सेक्शन मे बांटकर महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात करने के साथ फायर ब्रिगेड की टीम भी लगाई जा रही हैं। होली के दिन बाइक पर तीन सवारी चलने वालों की चेकिंग कराकर बाइक को सीज किया जाएगा। बाइक का साइलेन्सर खोलकर तेज आवाज करके चलने वालो को चेक करके कार्रवाई होगी। नशे मे वाहन चलाने वालों को भी चेक करके उनके वाहनो को सीज कर दिया जायेगा। शराब की दुकानों पर बन्दी के बाद चोरी से शराब बेचने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने एवं उन पर नजर रखने के लिये जनपद की क्राइम ब्रान्च व सर्विलांस टीम को लगाया गया है। अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों के विरूद्ध कार्रवाई हेतु जनपद पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीमे बनाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु लगाया गया है। नशे की हालत मे समूह मे हुड़दंग करने वालो के विरूद्ध भी कठोर कार्रवाई करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है।

होली शांति का त्यौहार है। इस दिन यदि किसी ने हुड़दंग या गलत काम किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। जिले के सभी होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। अवैध व मिलावटी शराब का कारोबार करने वालों पर पुलिस नजर रख रही है। जो भी अवैध काम में लिप्त मिलेगा उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

**राजेश कुमार**, कार्यवाहक एडिशनल सीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

# खुलेआम शराब पीने वालों पर नहीं दिख रहा अभियान का असर, रोजाना कार्रवाई के बाद भी छलक रहे हैं जाम

### 3 घंटे के अभियान में 589 लोग गिरफ्तार

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के प्रतिदिन तीनों जोन में सार्वजनिक स्थानों पर खुले आम शराब पीने वालों के खिलाफ बीते लगभग दो महीने से अधिक से यह अभियान चला रहा है। इस अभियान का कुछ दिन तो असर दिखा लेकिन रोजाना कार्रवाई के बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में सड़क पर जाम छलकाने वालों को प्रतिदिन पुलिस गिरफ्तार कर रही है। हर थानाक्षेत्र में शराब पीने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है और पुलिस उनको जेल भी पहुंचा रही है। हालांकि रात के समय होने वाले हंगामा में मारपीट और झूठी कॉल के मामलों में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। वहीं रविवार को 3 घंटे के इस अभियान में 589 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें सिटी जोन के अंतर्गत 273 देहात में 162 और ट्रांस हिंडन जोन से 154 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।




### घंटाघर कोतवाली और विजयनगर रहे टॉप पर



करंट क्राइम : सिटी जोन के अंतर्गत पुलिस ने सबसे ज्यादा 273 लोगों पर कार्रवाई की है। जिसमें घंटाघर कोतवाली ने 60, विजयनगर थाने ने सर्वाधिक 70, सिहानी गेट ने 31, नंदग्राम ने 52, कवि नगर ने 31 और मधुबन बापूधाम ने 29 लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के मामले में हिरासत में दिया और उन पर खिलाफ कार्रवाई की।

### मुरादनगर पुलिस ने लिया बड़ा एक्शन

करंट क्राइम : देहात जोन में जहां कुल 162 लोगों पर यह कार्रवाई की गई है। तो मुरादनगर पुलिस ने सर्वाधिक 34 लोगों को, ट्रोनिका सिटी से 21, मोदीनगर से 19, 18 अंकुर विहार से, 15 मसूरी से , 15 भोजपुर से, 13 क्रॉसिंग रिपब्लिक से, 14 धोनी बॉर्डर से, 6 निवाड़ी से, पांच वेव सिटी से, चार लोगों को शराब पीने के मामले में गिरफ्तार किया गया।

### होली को लेकर और प्रमुखता से चलाया जाएगा अभियान



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में अभियान चलाया जा रहा है। होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए आने वाले दिनों में इस कार्रवाई को और ज्यादा व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

## कश्यप-निषाद राष्ट्रीय अधिवेशन में उठी मांग अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए

# महर्षि कश्यप जयंती पर हो राष्ट्रीय अवकाश : नरेंद्र कश्यप

### 5 अप्रैल को होगा भव्य महाकुंभ का आयोजन समाज ने बनाई रणनीति

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप-निषाद संगठन की ओर से रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू रिसोर्ट में कश्यप निषाद समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। राष्ट्रीय अधिवेशन में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है, तो कई पदाधिकारियों ने अपने विचार भी रखे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। जिसमें कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री व ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जल्द ही सरकार से कश्यप निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग की जाएगी। वहीं उन्होंने केंद्र सरकार से महर्षि कश्यप जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित करने की अपील की है। उधर यहां तय किया गया है कि 5 अप्रैल को कश्यप निषाद संगठन की ओर से एक महाकुंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकताओं के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर प्रदेश के कई राज्यों के पदाधिकारी को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही कई विशेष अतिथि भी इसमें आमंत्रित किए गए हैं। इसके साथ ही प्रस्तावना एवं भाषण राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने संबोधित किया। उन्होंने समाज को संगठित होने के साथ ही शिक्षित और कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार भी रखें।




### महर्षि कश्यप ने सदैव समाज और राष्ट्रहित में कार्य किया : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम : कश्यप- निषाद राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि महर्षि कश्यप ने सदैव समाज और राष्ट्र में काम किया है। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप के द्वारा जिस तरह से समाज के हर वर्ग के लिए चिंता जाहिर की जाती थी, उसी तरह अब सरकार को चाहिए कि उनकी जयंती के अवसर पर इसे राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। साथ ही महर्षि कश्यप के जीवन से जुड़े अध्यायों को लेकर स्मारक भी बनाया जाए। साथ ही उन्होंने युवा पीढ़ी और कश्यप निषाद समाज के अलग-अलग वर्ग के लोगों से अपील की है कि वह महर्षि कश्यप की अपने घर में प्रतिमा अवश्य लगाए। बता दें कि पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश व सरकार की ओर से सेक्टर 23 स्थित महर्षि कश्यप पार्क में नरेंद्र कश्यप द्वारा विशाल प्रतिमा लगवाई गई है। जहां प्रतिदिन लोग पुष्पांजलि और माल्यार्पण करते हैं।

### कई प्रदेशों से आए समाज के लोग

करंट क्राइम : कश्यप निषाद अधिवेशन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप द्वारा बड़ा संदेश देने का काम किया है। उन्होंने यहां न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब ,राजस्थान ,छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के अलावा केरल में अन्य राज्यों के भी पदाधिकारियों को आमंत्रित किया था। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के विषयों पर चर्चा की गई है। साथ ही किस प्रकार से कश्यप निषाद समाज की समाज के अलग-अलग वर्गों में भागीदारी बनाई जाए इस पर भी फोकस किया गया है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने अप्रैल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग प्रदेश के अध्यक्षों और राष्ट्रीय महासचिव के साथ वार्ता की है ताकि इस वर्ष आयोजित होने वाले कार्यक्रम को बड़े स्तर पर किया जाए और इसका समाज में विस्तृत संदेश जाए।

## संपादकीय

# ज्ञान एक तेज बहती नदी की तरह

टीचर्स कभी नहीं सिखा सकते। स्टूडेंट्स को ही सीखना पड़ता है। यह स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी है कि वही टीचर्स को सिखाने के लिए प्रेरित करें। मैंने अपने वरिष्ठों से सीखा कि ज्ञान एक तेज बहती नदी की तरह है। ज्ञान की यह नदी टीचर, मेंटर या गुरु के पास से बहती रहती है। यह स्टूडेंट्स पर निर्भर करता है कि उस नदी से वह कितना पानी भर पाते हैं- एक कप, एक बाल्टी या फिर ट्रक भरकर? जब भी मैं अपने कमरे में रियाज करता, तो हमेशा उनका ध्यान खींचना चाहता था। (यहां वो अपने पिता का जिक्र कर रहे हैं) और उनका ध्यान मेरी ओर तभी आता, जब मुझे सिखाए सबक को मैं थोड़ा तोड़-मरोड़कर पेश करके उसे दूसरी तरह से बजाता। जब मैं ऐसा करता, तो मेरी इस कोशिश पर बाहर से पिता की स्वीकारोक्ति भरे स्वर में हम्म्म्म की आवाज आती। और फिर वह अचानक दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते और दूसरी ताल बजाने के लिए कहते। उनके इन शब्दों से मुझे प्रेरणा मिलती क्योंकि वह मेरे प्रयास की आलोचना करने या उसे कोई मान्यता देने के बजाय और कई तरीके से प्रयोग करने के लिए मुझे गाइड करते। मेरे पिता से मुझे यह प्रेरणा मिली। दरवाजे पर खड़े होकर एक हाथ में कागज और दूसरे हाथ की अंगुलियों से ताल की सीख दे रहे एक टीचर के इन सबक ने जाकिर हुसैन को न सिर्फ अपने पिता की विरासत को आगे ले जाने में मदद की, बल्कि इसके चलते ही वह तबला वादन को उस ऊंचाई तक ले गए, जहां यह पहले कभी नहीं था। उनके पिता सह गुरु चाहते थे कि बेटा व्यापक लोगों तक शास्त्रीय संगीत को लेकर जाएं और इसको सबके लिए सुलभ बनाते हुए उन्हें मंत्रमुग्ध करते हुए संगीत को एक दिव्यता के अहसास से जोड़ें। जब मुझे पहली सैलरी मिली और वह पैकेट घर लाया, तो मेरे अंदर का दिल नाच रहा था कि मेरे पिता मुझे गले लगाएंगे और इस मुकाम पर पहुंचने के लिए मेरी सराहना करेंगे। लेकिन हुआ इसके उलट। उन्होंने अपने अखबार से नजरें तक नहीं उठाईं। बस बढ़िया कहा और फिर बोले कि इसे अपनी मां को दे दो और उन्हें इसे पूजा वाले कमरे में रखने के लिए कह दो। तुम बाथरूम जाकर हाथ-पैर धो लो और ईश्वर की प्रार्थना करो। छह महीने की सैलरी के बाद जाकर एक दिन पिता ने कहा, ह्यतुम्हें जिम्मेदार बनता देखकर मुझे खुशी हो रही है, तुमने बिना कोई छुट्टी लिए छह महीने का प्रोबेशन पीरियड पूरा किया और अब तुम स्थाई हो गए हो। अब याद रखना कि अपनी छोटी बहन को अच्छा पढ़ाने-लिखाने और उसकी किसी अच्छी जगह शादी करने में तुम्हें मेरी मदद करनी होगी ह्व वो शब्द मेरे कानों में सिर्फ संगीत की तरह नहीं थे। बल्कि उसने उद्वेलित कर दिया कि मैं जिंदगी में आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण बनूं। थोड़ा रुककर खुश होने की उनकी इस आदत को, उनके जाने के बाद मैं आज भी जीता हूं। 1970 में मिशेल और एबेसेन के अपने एक शोध में कहा कि ह्लदेर से संतुष्ट होने की आदत, दूरगामी फायदों के लिए तात्कालिक लाभ को जाने देने की काबिलियत है।

## चुटकुले

टीचर- 10 नंबर के एक प्रश्न का जवाब दो
स्टूडेंट- सर प्रश्न पूछो
टीचर- बताओ सबसे ज्यदा नकल कहां होती है..?
स्टुडेंट- सर, व्हाट्सएप पर
टीचर को अब समझ नहीं आ रहा कि जीरो देकर इसको फेल कर दूं या टॉप कर दूं।

गर्लफ्रेंड- सुनो, मेरी स्किन बहुत ऑयली-ऑयली सी हो गई है
बताइए ना, मैं क्या लगाऊं?
बॉयफ्रेंड- ये लो विमबार, पूरी चिकनाई हटा देगा।
फिर बॉयफ्रेंड की हुई जोरदार कुटाई।

मिंकी- भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
चिंकी- भावना, इसमें सब बह जाते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सीबीडीटी के सूत्र बोले- नए आयकर विधेयक में अधिकारियों को अतिरिक्त शक्तियां मिलने का दावा गलत

**नई दिल्ली।** सीबीडीटी के सूत्रों ने कहा कि नए आयकर विधेयक 2025 में आयकर अधिकारियों को अतिरिक्त अधिकार देने का दावा गलत है। सूत्रों के अनुसार, यह अधिकार पहले से मौजूद थे और केवल कुछ खास परिस्थितियों में ही लागू होते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर नियंत्रण बोर्ड (सीबीडीटी) के सूत्रों ने कहा कि आयकर अधिकारियों को 2025 के नए आयकर विधेयक में अतिरिक्त शक्तियां दिए जाने का दावा गलत है। दावा किया जा रहा था कि आयकर अधिकारियों को ईमेल, सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया जैसे इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंचने के अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं।







सीबीडीटी के सूत्रों ने बताया कि आयकर अधिनियम 1961 की धारा 132 के तहत एक अधिकृत अधिकारी को किसी व्यक्ति से यह सुनिश्चित करने का अधिकार है कि वह अपने पास रखी किताबों, खाता बही या अन्य दस्तावेजों को जब्त करे। ये दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के रूप में भी हो सकते हैं। एक सूत्र ने कहा कि नए अधिकार दिए जाने के दावे गलत हैं। इसी तरह आयकर विधेयक 2025 की धारा 247 के तहत एक अधिकृत अधिकारी किसी कंप्यूटर सिस्टम या वर्चुअल डिजिटल स्पेस के एक्सेस कोड को ओवरराइड करके उसकी पहुंच हासिल कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि यह बस पहले से मौजूद अधिकारों को दोहराने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अधिकार कर अधिकारियों को केवल विशेष परिस्थितियों में तब दिया जाता है, जब कोई सक्षम अधिकारी तलाशी या जब्ती का आदेश देता है और संबंधित व्यक्ति सहयोग नहीं कर रहा होता है।

एक सूत्र ने यह भी कहा, यह सामान्य तरीका नहीं है। यह सिर्फ कुछ खास परिस्थितियों में ही लागू होता है। यह अधिकार आयकर अधिनियम 1961 के तहत पहले भी था और नए आयकर विधेयक 2025 में भी यही स्थिति बनी हुई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक की जांच के लिए लोकसभा सांसदों की एक 31 सदस्यीय चयन समिति का गठन किया है। इस विधेयक का मकसद कर कानूनों को आसान बनाना, परिभाषाओं को आधुनिक बनाना और कर से जुड़े विभिन्न मामलों में अधिक स्पष्टता प्रदान करना है। यह नया विधेयक 13 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया था और इसका मकसद मौजूदा आयकर अधिनियम 1961 को प्रतिस्थापित करना है। यह विधेयक व्यक्तियों, व्यवसायों और गैर-लाभकारी संगठनों जैसे करदाताओं पर प्रभाव डालने वाले कई बदलाव करेगा। जुलाई 2024 के बजट में सरकार ने आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा का प्रस्ताव रखा था, जिसका मकसद मौजूदा अधिनियम को संक्षिप्त और स्पष्ट बनाना और विवादों व मुकदमों की संख्या को कम करना है।

## श्रम मंत्रालय ने गिग, मंच श्रमिकों से औपचारिक मान्यता के लिए

# ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने को कहा



**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि उसने गिग और मंच श्रमिकों से ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा कि ऐसा करने से उन्हें औपचारिक मान्यता मिलेगी और वे आयुष्मान भारत योजना के लाभों को पा सकेंगे। श्रम मंत्री ने एक बयान में कहा कि गिग और मंच अर्थव्यवस्था का विस्तार हो रहा है। इसके तहत किराये की टैक्सी सेवा, सामान की आपूर्ति, लॉजिस्टिक और पेशेवर सेवाओं जैसे क्षेत्रों में नई नौकरियां दी जा रही हैं। नीति आयोग का अनुमान है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था 2024-25 में एक करोड़ से अधिक श्रमिकों को रोजगार देगी। इसके बाद 2029-30 तक यह आंकड़ा 2.35 करोड़ तक पहुंच जाएगा। देश की अर्थव्यवस्था में गिग और मंच श्रमिकों के योगदान को मान्यता देते हुए, आम बजट 2025-26 में ई-श्रम पोर्टल पर ऑनलाइन मंच श्रमिकों के पंजीकरण, पहचान पत्र जारी करने और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत स्वास्थ्य सेवाएं देने की घोषणा की गई है। इन बजट प्रावधानों को लागू करने के लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय जल्द ही योजना शुरू करेगा। बयान में कहा गया है कि पहले कदम के रूप में मंत्रालय ने मंच श्रमिकों से ई-श्रम पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने का अनुरोध किया है, ताकि उन्हें जल्द से जल्द योजना के तहत लाभ दिए जा सकें।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के निवास पर पहुंचे



**गाजियाबाद।** वसुंधरा के सेक्टर-5 में दिवंगत श्रीति यादव की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क श्रीति वाटिका का लोकार्पण उप-मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने किया। कार्यक्रम के बाद उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के निवास पर जहा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का सादर अभिनंदन किया। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल विधायक संजीव शर्मा पूर्व विधायक रूप चौधरी, पार्षद व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# टाटा कैपिटल का प्लान, टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी के बाद दाखिल करेगी आईपीओ दस्तावेज

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के आदेश के अनुसार, ऊपरी स्तर की एनबीएफसी को यह मान्यता मिलने के तीन साल के भीतर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना जरूरी है। टाटा कैपिटल को सितंबर, 2022 में ऊपरी स्तर की एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत किया गया था। वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से टाटा मोटर्स फाइनेंस के विलय की मंजूरी मिलने के बाद आईपीओ के लिए शुरूआती दस्तावेज दाखिल कर सकती है। मामले में सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी को इसके लिए एनसीएलटी के अंतिम आदेश का इंतजार है। आईपीओ का आकार करीब दो अरब डॉलर (17,000 करोड़ रुपये) का होगा।




### एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार

सूत्रों ने बताया इस आकार के लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन करीब 11 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। सूत्रों ने कहा कि एनसीएलटी से अंतिम आदेश का इंतजार है, जो चालू वित्त वर्ष के अंत तक मिल सकता है। कंपनी को दस्तावेजों के मसौदे के बारे में भेजे गए ई-मेल का जवाब नहीं मिला है।

आईपीओ के अलावा टाटा कैपिटल ने सार्वजनिक सूचीबद्धता से पहले अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करने के लिए राइट्स इश्यू के जरिये कोष जुटाने की योजना की भी घोषणा की है। यदि सार्वजनिक निर्गम सफल रहता है, तो यह देश के वित्तीय क्षेत्र के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गम में से एक होगा।

### टाटा कैपिटल को आरबीआई की तरफ से एनबीएफसी की मिली मान्यता

टाटा कैपिटल को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी को आईपीओ के लिए अपने निदेशक मंडल की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। कंपनी आईपीओ के तहत 2.3 करोड़ नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा कुछ मौजूदा शेयरधारकों की तरफ से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी लाई जाएगी।



# टी20 विश्वकप के बाद टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती




**दुबई।** भारतीय टीम ने दुबई में न्यूजीलैंड को हराते हुए न केवल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता, बल्कि 12 सालों के सूखे को भी खत्म कर दिया। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में कमाल की बॉलिंग करते हुए न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोक लिया। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी के बाद रोहित शर्मा (76) की कप्तानी पारी ने कीवी गेंदबाजों की कमर तोड़ दी। विराट कोहली फेल रहे तो क्या श्रेयस अय्यर (48), अक्षर पटेल (29), केएल राहुल और हार्दिक पंड्या (18) ने कैमियो पारी खेलते हुए भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का विजेता बना दिया। जैसे ही विनिंग रन बना पूरा भारत जश्न में डूब गया। रिंग ऑफ फायर के नाम से मशहूर दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम



पठाखों की आवाजों से गूंजने लगा। बता दें कि इससे पहले 2013 में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दुबई की धीमी पिच पर भारतीय टीम ने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान शुरूआत अच्छी की। कप्तान रोहित शर्मा ने पहले ही ओवर में छक्का उड़ाते हुए दूसरी गेंद पर टीम और अपना खाता खोला तो शुभमन गिल थोड़े संभलते दिखे। इन दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 18.4 ओवरों में 105 रनों की साझेदारी की। हालांकि, उपकप्तान शुभमन गिल रफ्तार पकड़ते इससे पहले ही 50 गेंदों में 31 रन बनाकर चलते बने। इस दौरान रोहित ने 41 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी की। इसके कुछ ही देर बाद विराट कोहली भी चलते बने। वह सिर्फ एक रन बना सके।

# रचिन रवींद्र जल्द आउट होने के बावजूद रच गए इतिहास, केन विलियमसन का तोड़ दिया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। जहां रचिन रविंद्र ने अपनी छोटी सी पारी की बदौलत इतिहास रच दिया है। इस दौरान उन्होंने केन विलियमसन का रिकॉर्ड तोड़ा है। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था। ओपनिंग करने आए रविंद्र शानदार लय में दिख रहे थे। हालांकि वह अर्द्धशतक लगाने से चूक गए। लेकिन उन्होंने इस दौरान चार चौको और एक छक्के की बदौलत 37 रन बनाकर आउट हो गए। इसी के साथ रविंद्र चैंपियंस ट्रॉफी के एक एडिशन में 250 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले कीवी खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इस दौरान केन विलियमसन को पीछे छोड़ दिया है। विलियमसन ने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में 244 रन बनाए थे।

वहीं रविंद्र ने इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 263 रन जड़ दिए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शानदार शतक भी लगाए हैं। रविंद्र इंजरी की वजह से टूनार्मेंट के पहले मैच में नहीं खेले थे। इसके बाद दूसरे मैच में बांग्लादेश के खिलाफ टीम में वापसी की थी। जहां उन्होंने नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 112 रनों की पारी खेली थी। इसके बाद सेमीफाइनल में ओपनिंग करते हुए रविंद्र ने एक और शतक लगाया था। इस दौरान उन्होंने 108 रनों की पारी खेली थी। इस टूनार्मेंट में दो शतक लगाने के साथ रविंद्र न्यूजीलैंड की तरफ से आईसीसी वनडे टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। रविंद्र ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में दो शतक लगाए थे। उनके आईसीसी टूनार्मेंट अब तक कुल पांच शतक हैं। उन्होंने इस मामले में भी विलियमसन को पीछे छोड़ा था। जिन्होंने आईसीसी वनडे टूनार्मेंट में चार शतक लगाए हैं।



# शिक्षा का व्यवसायीकरण जांच समिति की जनपद गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की संयुक्त बैठक आहूत

● सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें: सभापति डॉ.मानवेन्द्र प्रताप सिंह







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दुर्गावति देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की "शिक्षा का व्यवसायी करण की जांच सम्बंधी समिति" के कार्य. सभापति डॉ.मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरू जी' की अध्यक्षता में जनपद गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद की संयुक्त बैठक आहूत हुई।

बैठक में मुख्य रूप से विजय बहादुर पाठक समिति सदस्य, अंगद कुमार समिति सदस्य, अविनाश सिंह चौहान समिति सदस्य, नरेन्द्र सिंह भाटी व श्रीचन्द शर्मा समिति द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य, धनंजय सिंह उप सचिव, सौरभ दीक्षित समीक्षा अधिकारी, अर्चित वाजपेई वृत्त लेखक, गजेन्द्र सिंह अपर निजी सचिव एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम प्रशासन गाजियाबाद व एडीएम गौतमबुद्ध नगर उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यवसायीकरण की शिकायतों की जांच एवं शिक्षा क्षेत्र में बेहतर सुधार हेतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्वारा "शिक्षा का व्यवसायी करण की जांच सम्बंधी समिति" का गठन किया है।

बैठक के दौरान डॉ.मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने दोनों जनपदों में संचालित सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए जानना चाहा कि कितने विद्यार्थियो को इंशोरेन्स मिला है और कितने स्कूल/कॉलेजों द्वारा विद्यार्थियों का इंशोरेन्स कराया जाता है। इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी ने अवगत कराया कि अभी उनके पास आंकडे उपलब्ध नहीं है। उन्होने स्कूल/कॉलेजों द्वारा छात्रों से लिये जाने वाले शुल्क पर भी जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी स्कूल/कॉलेज नियमों के विरूद्ध शुल्क ना लें, यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएं। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली योजनाएं के तहत धनराशि को उनके खाते में डाली जाएं, जब भी किसी छात्र का एडमिट कार्ड बनाया जाएं उनका बैंक खाता संख्या भी उसमें समायोजित किया जाएं। उन्होने दोनों जनपदों के उच्च शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस और बीएसए से विभागों में कार्य कर रहें कर्मचारियों व अध्यापकों की जानकारी प्राप्त करते हुए यह भी जाना की जनपद में कहां-कहां कितने पद रिक्त हैं। उन्होने रिक्त पदों की सूची समिति को जल्द उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। सभापति ने आरटीई एक्ट के तहत दोनों जनपदों के स्कूलों में मिलने वाले दाखिलों के बार में अवगत होते हुए निर्देशित किया कि आरटीई में मैपिंग विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत नामांकन कराना सुनिश्चित किया जाएं।

सभापति ने विद्यार्थियों को मादक पदार्थो से दूर रखने/बचाने हेतु आबकारी, पुलिस व शिक्षा विभाग से जानकारी ली कि उनके द्वारा क्या-क्या कदम उठाये जा रहे हैं। जानकारी प्राप्त होने पर निर्देशित किया कि स्कूल/कॉलेजों के आप-पास कोई भी मादक पदार्थ की दुकानें संचालित नहीं होनी चाहिए। नियमानुसार उन सभी दुकानों को वहां से हटवाया जाएं, इसके लिए पुलिस विभाग की सहायता ली जाएं। बैठक के अंत में सभापति ने कहा कि बैठक के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर एवं सकारात्मक सुधार हेतु 32 बिन्दुओं पर चर्चा हुई। हम सभी का उद्देश्य 'शिक्षित एवं नशा मुक्त समाज' है। इसके लिए हमें उत्कृष्ट कार्य करने हैं। बैठक के दौरान हमने जाना की अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर और सुधारत्मक कार्य किये जा सकते हैं, जो हम सभी को आपसी समन्वय बनाकर करने हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप हर पात्र लाभार्थी को लाभ और हर पीड़ित को न्याय दिलाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसी के साथ सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें। बैठक में दोनो जनपदों के बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा, आईटीआई, पॉलीटैक्निक, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मैथ्यू वेड की बतौर असिस्टेंट कोच आईपीएल में वापसी: गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए



**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड बतौर असिस्टेंट कोच आईपीएल में वापसी करेंगे। वेड आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में शामिल हो गए। वेड ने रविवार को इसकी जानकारी दी। वे 3 साल बाद आईपीएल से जुड़ने जा रहे हैं। मैथ्यू वेड बतौर प्लेयर 2022 में क्ढछ चैंपियन बनने वाली गुजरात टीम का हिस्सा भी रहे थे।

## गुजरात के लिए 2022 और 2024 में 12 मैच खेले

मैथ्यू वेड ने गुजरात टाइटंस के लिए 2022 और 2024 में 12 क्ढछ मैच खेले थे। जिसमें उन्होंने कुल 161 रन बनाए थे। वेड 2024 अक्टूबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। जिसके तुरंत बाद ही वे पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए आंद्रे बोरोवेक के साथ ऑस्ट्रेलिया के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा बन गए थे।

मैथ्यू वेड के साथ कोचिंग स्टाफ में आशीष नेहरा बतौर मुख्य कोच शामिल हैं। वहीं पार्थिव पटेल टीम के बैटिंग कोच होंगे। आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी भी बतौर असिस्टेंट कोच टीम का हिस्सा हैं। गुजरात टाइटंस का ग्राफ पहले के मुकाबले गिरा गुजरात टाइटंस ने 2022 में अपने पहले आईपीएल सीजन में शानदार शुरूआत की। टीम ने शुरूआती दो सीजन के फाइनल में जगह भी बनाई। टीम 2022 में चैंपियन बनी और 2023 में रनर-अप रही।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया वार्ड 78 शालीमार गार्डन गुलमोहर पार्क मे ओपन जिम का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष व विधायक संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के द्वारा वार्ड 78 शालीमार गार्डन का चोहमुखी विकास कार्य निरंतर हो रहा है । इसी कड़ी मे सांसद अतुल गर्ग द्वारा वार्ड 78 शालीमार गार्डन गुलमोहर पार्क पर ओपन जिम का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा श्याम शर्मा सोशल वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष डी एन कोल गुलमोहर पार्क सोसाइटी अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल भूषण लाल सुनील शर्मा सुभाष त्यागी नितिन बंसल मनोज एच दी धीर आर एन सिंहा भूपेंद्र नीरज उमेश शर्मा अमर सिंह देवेंद्र एके जायसवाल शुभम त्यागी राघव वी एस नेगी गोपाल भगत समीर चढा शिव देव शर्मा रोहित जैन प्रमोद विजय रावत सुभाष कुमार अनिल तोमर एस एस शर्मा आजाद कसाना सुशील कुमार वासुदेव संजीव गुप्ता विनोद सिंह हरीश गौर निशा चौहान सीमा सिंह प्रियंका सोलंकी अनीता राणा रूपा मुखर्जी प्रीति किटी एस के जायसवाल आदि उपस्थित रहे ।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिकोत्सव संपन्न





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को नेहरू वर्ल्ड स्कूल में प्राथमिक कक्षाओं का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में कक्षा दो के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'ग्रफ्लो' कहानी थी, जिसे अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के एग्जीक्यूटिव हैड टीचर सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस समारोह के माध्यम से हमारे छात्रों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता और जोश का विकास होगा। कार्यक्रम का आरंभ छात्रों द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर किया गया। जिसमें छात्रों ने सन- 2024-25 सत्र में हुईं विद्यालय की नई उपलब्धियों को उजागर किया।

छात्रों ने अपने मोहक अभिनय के द्वारा यह संदेश देने का प्रयास किया कि आत्मविश्वास और हमारी सूझ-बूझ ही हमारा सबसे बड़ा शस्त्र है। इसी के बल पर हम हर समस्या का मुकाबला करके जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कहानी एक चूहे की थी। उसे जंगल में लोमड़ी, उल्लू, साँप, खरगोश और कछुआ मिलते हैं जो उसे किसी बहाने से खाना चाहते हैं। चूहा स्वयं को बचाने के लिए एक भयानक पात्र ग्रफैलो को गढ़ता है लेकिन आगे वास्तव मे उस भयानक पात्र ग्रफैलो से उसका मिलन होता है पर चूहा अपनी सूझ-बूझ से स्वये को बचा लेता है। छात्रों के अभिनय, नृत्य तथा संगीत ने सभी का दिल जीत लिया। आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों ने छात्रों की इस प्रस्तुति का भरपूर आनन्द उठाया व उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ० अरुणाभ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इसके लिए हमारे नन्हे-नन्हे छात्र, अध्यापकगण व अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। उन्होने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# समाधान शक्ति समाजिक संस्था ने लोहिया पार्क में सामूहिक राष्ट्रगान गाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा महानगर अध्यक्ष व विधायक संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे 23 मार्च शहीदी दिवस को होने वाली तिरंगा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले आज लोहिया पार्क राजेंद्र नगर मे अखंड भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित करने के लिए क्षेत्र के लोगों ने मिलकर सामूहिक राष्ट्र गान गाकर राष्ट्र के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया। आने वाली 23 मार्च को एक विशाल तिरंगा रैली शालीमार गार्डन मे निकाली जाएगी उसके बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पार्षद राहुल शर्मा पार्षद रामनिवास बंसल पार्षद प्रमोद राघव प्रवीन भाटी डी एन कौल ओमेंद्र कसाना भूषण लाल श्याम शर्मा शैलेंद्र सक्सेना भूपेंद्र गोस्वामी मदन शर्मा योगराज शर्मा हरीश गौड लेखराज चावड़ी मनोज कसाना सुनील शर्मा शत्रुघ्न लाल जगदीश सती प्रेम त्यागी बिजेंद्र भड़ाना योगराज शर्मा अनीता राणा सुमन सती निशा चौहान मुखर्जी सीमा सिंह मंजू सिंह मुनेश कसाना आशा पवार आदि उपस्थित रहे।

# एशियन कबड्डी में ईरान को हरा भारत बना चैंपियन, हिमाचल की 5 खिलाड़ी चमकीं



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटियों ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। शनिवार को तेहरान में छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भारत ने फाइनल में ईरान को हरा खिताब अपने नाम कर लिया। भारत ने ईरान को 32-25 से हराया। 6 से 8 मार्च तक आयोजित चैंपियनशिप में भारतीय टीम का श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। भारतीय टीम ने सभी मुकाबलों में एकतरफा जीत दर्ज की। हिमाचल प्रदेश की पांच बेटियों का योगदान देश को खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण रहा। सिरमौर के शिलाई क्षेत्र की ऑलराउंडर पुष्पा राणा ने बतौर उपकप्तान टीम का नेतृत्व किया और अपने शानदार खेल से जीत में अहम भूमिका निभाई। बिलासपुर की निधि शर्मा, सोलन की ज्योति ठाकुर समेत साक्षी शर्मा, भावना ठाकुर ने भी टीम को न केवल फाइनल में पहुंचाने, बल्कि गोल्ड दिलाने में भी योगदान दिया। सेमीफाइनल में भारत ने नेपाल को 56-18 से हराया था। कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव कृष्ण लाल ने कहा कि बेटियों ने फिर से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# खोड़ा पर्वतीय देव भूमि जन समिति ने मनाया होली मिलन समारोह




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खुदा के सरस्वती विहार में पर्वतीय देव भूमि यान समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुलाल और गीतों की धूम मची हुई है। रंगों का पर्व होली मनाने के लिए फूलों की होली खेलने, ढोलक की थाप पर नृत्य किया।

वहीं होली पर घर जाने के लिए बस स्टेशन पर लोगों की भीड़ लगी रही। रुद्रपुर डिपो से टनकपुर, पीलीभीत और बरेली जाने वाली बसों में यात्री उमड़े। मुख्य अतिथि भाजपा नेता योगेश भाटी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्यौहार प्यार का त्यौहार है इसमें सभी बच्चे, बुजुर्ग और जवान होली के रंग में रंग जाते हैं। लोग हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह




में पहुंच रहे हैं और गुलाल का तिलक लगाकर आपसी सौहार्द बनाने का संकल्प ले रहे हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जीतू राय पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गिरी बीरबल चौहान गजेंद्र नेगी रिंकी ध्यान आदि लोग मौजूद रहे।

# श्याम सांवरिया सरकार वैशाली राम वाटिका में खाटू श्याम संकीर्तन का किया भव्य आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्याम सांवरिया सरकार वैशाली द्वारा वैशाली में राम वाटिका में फागुन महोत्सव के अवसर पर खाटू श्याम का संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुबह निशान यात्रा निकाली गई और शाम को राम वाटिका में संकीर्तन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, गाजियाबाद से विधायक संजीव शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजा वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मोगा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जीडीए बोर्ड के मेंबर पवन गोयल प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप, के प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल, पार्षद गौरव सोलंकी धीरज अग्रवाल, राजू शर्मा, हिमांशु शर्मा, राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद मीरा भंडारी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूबी अग्रवाल, अनिल शर्मा सहित कार्यक्रम के संयोजक मंडली मनोज मिश्रा, श्वेता मिश्रा, मीनू मिश्रा, पूजा गोयल, निशांत शर्मा, अनीता अग्रवाल, मुक्त शर्मा, देवी दयाल, शशि वर्मा, नरेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वैशाली के लोगों ने इस संकीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल ने किया।

# गाजियाबाद ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट एकता मंच ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद करंट क्राइम। रविवार को गाजियाबाद ट्रक ऑपरेटर एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट एकता मंच ने होली मिलन समारोह का आयोजन होटल ग्रांड पटेल्स, लोहिया नगर, गाजियाबाद में किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, पूर्व मेयर आशु वर्मा, अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा जे के गौड़ राष्ट्रीय, सतीश शर्मा पूर्व मंत्री, डॉ संजीव शर्मा वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पीतांबर शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारत ब्राह्मण महासभा, संजय कांत शर्मा महानगर उपाध्यक्ष भाजपा, आलोक शर्मा मंडल अध्यक्ष भाजपा, संतोष चौहान ट्रैफिक इंस्पेक्टर, विनय कुमार ट्रैफिक इंस्पेक्टर, जितेंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, सुभाष शर्मा महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, कमलेश कुमार मंडल अध्यक्ष सहित यूनियन के पदाधिकारी महेंद्र शर्मा अध्यक्ष, अनूप बेरी सचिव, गौरव कौशिक उपाध्यक्ष, संजय सिंह संजय सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार तनेजा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## निशान यात्रा



**लोनी।** लोनी क्षेत्र के 100 फुटा रोड बलराम नगर स्थित प्राचीन श्री शिव हनुमान मंदिर से फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में बाबा खाटू श्याम जी की 'निशान यात्रा' का आयोजन किया गया। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने खाटूश्याम निशान यात्रा में भाग लिया और होली भी खेली।




## अब कौन बनेगा एसीपी नंबर -वन

पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में अब तक कई एसीपी आए और कई यहां से अपनी पारी खेलकर जा चुके हैं। पर कई एसीपी ऐसे हैं जिनके जाने के बाद भी उनके नाम भी चर्चा अब भी होती है। वहीं बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम से एक एसीपी के जाने की चर्चा कम नहीं हो रही है। बता दें कि वर्तमान में बड़ी संख्या में कमिश्नरेट में एसीपी तो कई हैं। पर कुछ साइड लाइन भी चल रहे हैं। साइड लाइन चलने वालों की अपनी अलग चर्चा चल रही है। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों कई एसीपी के बीच चर्चा शुरू हो गई है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में अब नंबर वन एसीपी का खिताब किसको मिलेगा। बताया जा रहा है कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एसीपी नंबर वन की रैंक वाले साहब दूसरे जिले चले गए हैं। उनको लंबे समय यहां वेट करने के बाद रवाना किया गया है। साथ ही बताया जा रहा है कि उनकी फेयरवेल भी बहुत बढ़िया हुई थी। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में चर्चा चल रही है



कि अब पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में किस जोन के एसीपी नंबर वन रहते हैं और यह ताज किसके सिर सजेगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों के बीच चर्चा चल रही है कि पिछली बार भी यह है खिताब ट्रांस हिंडन में था, तो इस बार भी यह खिताब ट्रांस हिंडन में ही जा सकता है। वहीं अपनी वर्किंग वाले एक एसीपी साहब बस आजकल पुलिस कमिश्नरेट में ऐसे ही काम चला रहे हैं। वह यहां से जाने या नई जगह तलाशने के काम में लगे हुए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि लिस्ट में फिर एक बार ट्विस्ट आया है। लखनऊ से लेकर लोकल वाली में भी कुछ फेरबदल अभी होल्ड चलेंगे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीनों जोन ऐसे हैं, जहां महिला एसीपी हैं, तो रेस्ट वाले में भी महिला विराजमान हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों एक सर्किल और एक थाने पर भी आईपीएस को जिम्मेदारी मिली हुई है। पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारियों में चर्चा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जो एसीपी नंबर वन होगा वह वर्किंग और अन्य लिहाजा में बेस्ट होगा, इसीलिए ट्रांस हिंडन वाले एक साहब का नाम इसमें सबसे टॉप पर आ गया है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि सिटी वाले एक एसीपी पर भी जमकर भरोसा जताया जा रहा है।

## उल्लास से मनाया गुलाब यादव की पोती गोरवी यादव का जन्मोत्सव





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आरडीसी स्थित एक रेस्टोरेंट में सपा नेता गुलाब यादव की पोती गोरवी यादव का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव की इस बेला पर पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव और दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता सहित आये अतिथियों ने यादव परिवार को इस अवसर पर शुभकामनाएं प्रदान की।

# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वसुंधरा में 'श्रीति वाटिका' का किया लोकार्पण

## 'श्रीति वाटिका' पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा :केशव प्रसाद मौर्य





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वसुंधरा के सेक्टर-5 में दिवंगत 'श्रीति यादव' की स्मृति में नगर निगम द्वारा विकसित पार्क 'श्रीति वाटिका' का लोकार्पण उप-मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार केशव प्रसाद मौर्य ने किया। इस अवसर पर मंचासीन गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद के शहर के विधायक व महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व विधायक रूप चौधरी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वसुंधरा सेक्टर - 5 में वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी 'श्रीति यादव' के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया। तत्पश्चात उन्होंने 'श्रीति वाटिका' पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक







संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए 'श्रीति' बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा। सांसद अतुल गर्ग ने श्रीति यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्रीति वाटिका सेक्टर - 5 के निवासियों व बच्चों को स्वास्थ्य रखने में योगदान देगी। इस अवसर पर संबोधन करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि 'श्रीति वाटिका' पार्क क्षेत्रवासियों लिए बड़ा उपहार है, उन्होंने कहा कि इस नेक काम को रोकने के लिए कुछ लोगों मेरे पास आये जिनकों उन्होंने समझा दिया है। गाजियाबाद शहर के विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि 'श्रीती वाटिका' का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो हरियाली और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगी। इस मौके पर वार्ड 54 के पार्षद सतेन्द्र चौधरी ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का पटका पहनाकर स्वागत किया और पार्षद का उपमुख्यमंत्री ने



इस अवसर पर श्रीति यादव के पिता वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिक, अधिकारियों व लोगों का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक रूप चौधरी ने 'श्रीति यादव के नाम पर पार्क का नाम 'श्रीति वाटिका' रखने पर मेयर सुनिता दयाल, नगरायुक्त विक्रमादित्य मलिक व अन्य सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने दिवंगत श्रीति यादव को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 'श्रीति वाटिका' बिटिया की स्मृतियों को सहेज कर रखेंगी। इस अवसर पर श्यामलाल यादव, पार्षद शिल्पा चौधरी, हिमांशु चौधरी, नीरज गौयल, अमित त्यागी, मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी, शिखर यादव, वशिष्ठ यादव, प्रदीप यादव, इस्कॉन यादव, आशीष चौधरी, संदीप त्यागी, विरेन्द्र प्रताप सिंह त्यागी, दीपक त्यागी, राजीव शर्मा, कांति त्यागी, मनोज पाल, अनुराग मिश्रा, अमित त्यागी, सचिन सोनी, साहिल डबास आदि सहित सम्मानित क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** स्टोरी में आने वाला है जबरदस्त ट्विस्ट? पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को भाजपा में मिल सकता है बहुत बड़ा गिफ्ट? पता चला है अंदरखाने हुई है उनकी शीर्ष के टॉप नेताओं से मुलाकात? सुना है जो स्थानीय चेहरे उनकी दस्तक पर लगा रहे थे मजबूत वाले पहरे? उनकी बात सुनने को लेकर ऊपर वालों ने अपने कान कर लिये हैं बहरे? कहने वाले ने कहा कभी भी मजबूत वाले बन सकते हैं मुन्नी जी के सर पर सहरे?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बार की होली कुछ अलग ही गुल खिलायेगी? हमें पता चला है कि विधायक संजीव शर्मा के होली मिलन में सुनील शर्मा के समर्थकों और मंत्री सुनील शर्मा के होली मिलन में विधायक संजीव शर्मा के समर्थकों की भीड़ नजर आयेगी? पता चला है दोनों ने ही दिया है अपनी टीम वालों के लिए पैगाम? कहा है हम दोनों रहेगें एक-दूसरे के होली वाले कार्यक्रम में मौजूद? इसलिए कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए भाई पप्पू पहलवान? सुना है दोनों ने आपस में बैठकर निकाल लिया है भविष्य में टिकट वाला समाधान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप देख रहे हैं बहुत दिन हो गये अतुल गर्ग के सांसद बनने के बाद अभी तक विधायकों ने लंच नहीं लिया है उनके साथ? पता चला है मशहूर कवि राज कौशिक एक प्रपोजल लेकर गये थे सबके पास? इस प्रपोजल को सभी ने कर दिया है सर्वसम्मति से पास? होली के बाद होगा एक दर्द भरी शेर-ओ-शायरी का प्रोग्राम? इस प्रोग्राम में सभी जनप्रतिनिधि सुनायेंगे अपने अरमान? यही निभायेंगे शायर और कवि वाला किरदार? एक नया टेलेंट आयेगा 14 मार्च के बाद कभी भी बाहर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम खोल रहे हैं वो भेद? जिसमें रोक लिया था पार्टी आला कमान ने अध्यक्षों वाला लिफाफा? मामला हो गया था रूकावट के लिए खेद? पता चला है लिफाफा रूका था और फिर खुला था? खुलने के बाद उसमें एक नाम डला था? ये नाम कर देगा आपको हैरान? गहराई से जानकारी मिली है, जो है एकदम प्योर? जो नाम लिफाफे में डला है वो है मिस्टर लेखराज माहौर? सुना है पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ने तो दे भी दी है अपने प्रिय लक्ष्मण को भावी अध्यक्ष वाली अभी से बधाई? ना जाने कितनों के अरमानों पर पानी फिर सकता है भाई?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कांग्रेस पार्टी एक बार नए तरीके से कर रही है चुनाव वाला फार्मेट तैयार? सुना है अभी से तय कर लिये हैं पार्टी ने गाजियाबाद से विधानसभा के उम्मीदवार? पार्टी दो साल पहले ही सबको दे रही है अपनी जमीन मजबूत करने का मौका? ताकि इस बार उड़ा ना ले जाये इनको भगवा झोंका? महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी को शहर, पूर्व जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र यादव को धौलाना, लालमन लस्सी वालों को मुरादनगर, डॉली शर्मा को लोनी, सोनल नागर को साहिबाबाद से बनाया जायेगा उम्मीदवार? फिलहाल मोदीनगर पर चल रहा है किसी भाजपा के चेहरे पर विचार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये सवाल मजबूत कर देगा हैवीवेट जनप्रतिनिधि के समर्थकों की उम्मीदों का टॉवर? पता चला है भविष्य में हो जाने जा रहा है विस्तार? उसमें सनातनी मंत्री शर्मा जी की बढ़ने जा रही है पॉवर? पता चला है डिप्टी वाली व्यवस्था आ रही है उनके पास? कहने वाले ने कहा ये संभावनाएं तो तभी से बनने लगी थी? जब से लगातार कथावाचक मंत्री जी दिखाई दे रहे थे योगी जी के साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर अध्यक्ष को लेकर छिड़ा हुआ है बहुत ज्यादा द्वंद्व? पता चला है लेखराज माहौर के साथ-साथ वैश्य कोटे में हुआ था लिफाफे में एक और नाम बंद? ये नाम सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल का है यार? ये बात गर्ग साहब के खेमे से ही आई है बाहर? जी की काट पर एम को दिया गया है स्थान? सुना है अगर सबकुछ सिस्टम के अनुसार चला? तो फिर मैदी जी की जगह अनुज मित्तल संभालेंगे सांसद प्रतिनिधि वाली कमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** होली के बाद भाजपा शीर्ष लेवल पर होने वाले है बहुत ज्यादा बदलाव? सुना है सांसद अतुल गर्ग की दखल के बाद पार्टी दिखा रही है गाजियाबाद से लगाव? प्रदेश में कुछ दर्जा प्राप्त राज्यमंत्रियों की घोषणा पर भी हुआ है विचार? ओबीसी फैक्टर पर महानगर वालों ने भेजा है यहां से सुनील यादव और सुरेन्द्र नागर का नाम? सुना है पाठक जी ने गोयल साहब के कहने पर ब्राह्मण फैक्टर में भेजा है मास्टर अश्वनी शर्मा का नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शासन स्तर पर हार्ड वर्क करने वाले अधिकारियों की तैयार हुई है लिस्ट? सुना है इस लिस्ट में गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का भी शामिल हुआ है नाम? इसके बाद बंद लिफाफों में भेजा गया है प्रदेश के मेयरों के पास पैगाम? एक पैगाम मेयर सुनीता दयाल के पास भी आया है? जिसमें लिखा है अभी तीन साल और मलिक साहब संभालेंगे नगर आयुक्त की कमान? ऐसा हमें ऊपर वालों ने बताया है श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से लगी है भगवा कमांडर के दोस्त पप्पू पहलवान को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के शहर वाले होली मिलन में आने की जानकारी? सुना है उन्होंने शुरू कर दी है कुछ अलग ही तैयारी? 15 पानी के टेंकर कर दिये हैं उन्होंने बुक? गड्ढे खोदकर उन्होंने भरवाने शुरू कर दिये हैं रंग? ताकि मार सकें वो जबरदस्त हुक? वो साहिबाबाद के दस मंडल अध्यक्षों को पूरी तरह से भिगोने का बना चुके है प्लान? इसलिए जो आ रहे हैं नदिया के उस पार से इधर? वो हो जायें जरा सावधान?

बुरा ना मानो .... करंट क्राइम की होली है ....

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# राजनगर आरडब्ल्यूए ने किया भव्य होली मिलन समारोह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजगर के रामलीला मैदान में एक भव्य होली मिलन का आयोजन डी के गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस होली मिलन समारोह में विख्यात पत्रकार व कवि राज कौशिक के कुशल नेतृत्व में अत्यंत मनोरंजक हास्य कवि सम्मेलन एवं वृंदावन की प्रसिद्ध मंडली ने ब्रज की रासलीला तथा फूलों की होली की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, एनएचएआई के चेयरमैन संतोष यादव सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### लंदन में बिग बेन टॉवर पर फलस्तीनी झंडा लेकर चढ़ा युवक

**लंदन।** मध्य लंदन के पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में बिग बेन टॉवर पर एक युवक फलस्तीनी झंडा लेकर चढ़ गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक ने टॉवर पर चढ़कर प्रदर्शन किया। युवक वातार्कारों के साथ लंबी बातचीत के बाद आधी रात को इमारत से बाहर निकल गया। इसके बाद एक चेरी बीनने वाले स्थान पर बैठ गया। घटना के चलते वेस्टमिंस्टर पैलेस के आसपास यातायात शनिवार को काफी देर तक रुका रहा। पुलिस ने पार्लियामेंट स्क्वायर तक सभी पैदल यात्रियों की पहुंच भी बंद कर दी। समर्थकों के एक छोटे समूह ने पास के पुलिस घेरे के पीछे से फ्री फलस्तीन चिल्लाया। पुलिस ने पुष्टि की कि युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### चीन का रक्षा बजट हुआ अब 249 अरब डॉलर, लड़ाकू विमानों के बढ़ाएगा क्षमता



**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में इजाफा किया है। इसे 249 अरब डॉलर कर दिया है। चीन ने कहा कि उसे रक्षा क्षेत्र में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बढ़ी हुई राशि का इस्तेमाल नवीनतम लड़ाकू क्षमताओं के साथ नए डोमेन बलों को विकसित करने के लिए किया जाएगा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने संसद में घोषणा की कि इस वर्ष देश के लिए नियोजित रक्षा व्यय 1.784665 ट्रिलियन युआन (लगभग 249 अरब डॉलर) है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि चीनी सेना को राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल चीन ने अपने रक्षा बजट को 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर लगभग 232 अरब डॉलर (1.67 ट्रिलियन युआन) कर दिया था। चीन के पास अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सैन्य बजट है। वहीं चीन का रक्षा खर्च भारत के 6,81,210 करोड़ रुपये (करीब 78.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से तीन गुना है।

### स्पेसएक्स में धमाके के कारण 240 उड़ानें बाधित



**वाशिंगटन।** अमेरिकी संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने कहा है कि शुक्रवार को स्पेसएक्स स्टारशिप अंतरिक्ष यान में हुए धमाके के कारण करीब 240 उड़ानें बाधित हुईं। अंतरिक्ष मलबे की चिंताओं के कारण उनमें से दो दर्जन से अधिक विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। एफएए ने फ्लोरिडा के चार हवाई अड्डों-मियामी, फोर्ट लॉडरडेल, ऑरलैंडो और पाम बीच को उड़ान भरने वाले विमानों के लिए एक घंटे से अधिक समय तक ग्राउंड स्टॉप जारी किया। एफएए ने बताया कि इन कारणों से 171 विमानों के प्रस्थान में देरी हुई, 28 उड़ानों को डायवर्ट किया गया, और 40 हवाई उड़ानों को औसतन 22 मिनट तक रोका गया, जबकि एजेंसी का मलबा प्रतिक्रिया क्षेत्र सक्रिय था। 171 विमानों में औसतन 28 मिनट की देरी हुई। मिशन के स्पेसएक्स लाइव स्ट्रीम में दिखाया गया कि स्टारशिप अंतरिक्ष में कुछ ही समय बाद अपने इंजन बंद होने के साथ अनियंत्रित रूप से घूमने लगी और टूट गई।

### पाकिस्तान : पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 लोगों पर दर्ज किया मामला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दो अलग-अलग शहरों में मस्जिद में नमाज अदा करने पर अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 45 से अधिक सदस्यों पर मामला दर्ज किया गया है। कराची पुलिस ने बताया कि उन्होंने 25 अहमदियों (जिनमें बच्चे भी शामिल हैं) को सुरक्षित हिरासत में लिया है, क्योंकि बड़ी संख्या में इस्लामी कट्टरपंथियों ने सुरजानी टाउन इलाके में अहमदिया समुदाय के पूजा स्थल को घेर लिया था और शुक्रवार की नमाज अदा करने पर उनके खिलाफ नारे लगाए थे। पुलिस अधिकारी इरफान अली बलूच के अनुसार, तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कई कार्यकर्ता अहमदी पूजा स्थल के बाहर एकत्र हुए और उन्हें धमकी दी कि वे शुक्रवार की नमाज अदा करना बंद कर दें, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए है। दूसरी घटना में लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब प्रांत के सरगोधा जिले में 20 से अधिक अहमदियों पर उनके पूजा स्थल पर नमाज पढ़ने के लिए मामला दर्ज किया गया। सरगोधा पुलिस ने कहा कि उन्होंने अहमदियों पर पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 298 सी के तहत मामला दर्ज किया है। धारा 298-सी उन अहमदियों को अपराधी बनाती है जो खुद को मुस्लिम कहते हैं।

पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का काठमांडू लौटने पर भव्य स्वागत की तैयारी
नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह दो महीने तक देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के बाद रविवार को पोखरा से काठमांडू लौट रहे हैं। राजतंत्र समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और अन्य समर्थक रविवार दोपहर को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। उनके स्वागत के लिए हजारों लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है।

### कोलंबिया में 29 अधिकारियों का अपहरण, रक्षा मंत्री ने की जल्दी मुक्ति की घोषणा

**कोलंबिया।** कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में हाल ही में हुए 29 कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अपहरण की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार उन्हें जल्दी से मुक्त कराने के लिए काम कर रही है। बता दें कि यह अपहरण शुक्रवार को एल प्लेटेडो क्षेत्र में एक हिंसक हमले के दौरान हुआ, जिसमें 28 पुलिस अधिकारी और एक सैनिक को पकड़ लिया गया था। इस हमले का आरोप कार्लोस पैटिनो नामक सशस्त्र समूह के समर्थकों पर लगाया गया है। यह समूह कोलंबिया के पूर्व क्रांतिकारी सशस्त्र बलों के असंतुष्ट सदस्य हैं, जिन्होंने 2016 में सरकार के साथ किए गए शांति समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए थे।

### यूएस ने अपने नागरिकों से पाकिस्तान के इन इलाकों की यात्रा न करने की चेतावनी की जारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की आशंका के कारण भारत-पाक सीमा के नजदीक के इलाकों, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की यात्रा न करने की चेतावनी जारी की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को जारी चेतावनी में कहा है कि अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद के चलते पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### कैलिफोर्निया में एक हादसे में आठ लोग घायल

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के लॉस एंजिल्स क्षेत्र में शनिवार को एक ड्राइवर द्वारा कार शोरूम में अपनी कार घुसा दी, जिससे आठ लोग घायल हो गए। लॉस एंजिल्स काउंटी फायर डिपार्टमेंट के प्रवक्ता जोनाथन टोरेस ने कहा कि इंगलवुड में कार डीलरशिप में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य छह को मामूली चोटें आईं। दरअसल एक एसयूवी कार चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार एक कार शोरूम में घुस गई। जिससे कार शोरूम में मौजूद लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। कार के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के अगले चरण पर सोमवार से होगी बातचीत

**यूरोपीय संघ।** भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते के अगले चरण पर सोमवार से बातचीत शुरू होगी। यह 10वें राउंड की बातचीत है। यह बैठक ब्रूसेल्स में होनी है। दोनों पक्षों में यह बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इस साल के अंत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच इस साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन बीते महीने भारत दौरे पर आईं थीं। यहां उन्होंने पीएम मोदी से भी मुक्त व्यापार समझौते को लेकर चर्चा की थी। दोनों नेताओं ने इस साल के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनने की उम्मीद जताई थी। ब्रूसेल्स में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बैठक 10-14 मार्च तक चलेगी।

### हमास समर्थक की बेटी गिरफ्तार

**इस्राइल।** इस्राइल पुलिस ने हमास के एक आतंकी की बेटी को गिरफ्तार किया है। दरअसल आरोपी नाबालिग ने हमास के आतंकी कृत्य की तारीफ करने वाला एक प्लेकार्ड पुलिस वैन की विंडशील्ड पर लगा दिया था। घटना पूर्वी यरूशलम की है। इस्राइली पुलिस ने आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। नाबालिग का पिता साल 2017 में हमास का सदस्य होने के आरोप में गिरफ्तार हुआ था।

# रूसी बलों ने गैस पाइपलाइन का इस्तेमाल कर यूक्रेनी सैनिकों पर किया हमला, संघर्ष जारी





**कीव।** रूसी सैनिक कुर्स्क क्षेत्र में एक गैस पाइपलाइन के अंदर कई किलोमीटर तक घुसकर यूक्रेनी सैनिकों पर पीछे से हमला किया। रूस के सैनिक अपनी सीमा के अंदर उन हिस्सों पर फिर से नियंत्रण हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जिनको यूक्रेन ने एक चौंकाने वाले हमले के बाद अपने कब्जे में ले लिया था।

यूक्रेनी सैनिकों ने पिछले साल अगस्त में कुर्स्क पर हमला किया था, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद रूस पर सबसे बड़ा हमला था। कुछ ही महीनों में यूक्रेनी सैनिकों ने एक हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा हासिल कर लिया था, जिसमें रणनीतिक सीमा शहर सुडजा भी शामिल था और सैकड़ों रूसी सैनिकों को बंदी बना लिया था। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान का मकसद भविष्य में शांति वार्ता में अपनी स्थिति मजबूत बनाना था और रूस को पूर्वी यूक्रेनी से अपने सैनिकों को हटाकर वापस उनकी सीमा में भेजने के लिए मजबूर करना था। लेकिन अब यूक्रेनी सैनिक कुर्स्क में रूस के 50 हजार से अधिक सैनिकों के हमलों का लगातार सामना कर रहे हैं। इनमें उत्तर कोरिया के सैनिक भी शामिल हैं। कीव के जनरल स्टाफ ने शनिवार को पुष्टि की कि रूस के विशेष बलों ने गैस पाइपलाइन का इस्तेमाल किया और सुडजा के पास अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन का रास्ता अपनाया। यूक्रेनी सेना ने कहा कि इन सैनिकों का समय रहते पता लगा लिया गया था और यूक्रेनी सेना ने रॉकेट और तोपों से जवाब दिया। जनरल स्टाफ ने आगे कहा, अब रूसी विशेष बलों का पता लगा लिया गया है, उन्हें रोका जा रहा है। सुडजा में दुश्मन को बहुत नुकसान होगा। सुडजा करीब पांच हजार निवासियों वाला एक छोटा सा शहर है। सुडजा करीब पांच हजार निवासियों वाला एक छोटा सा शहर है। यूक्रेन पर आक्रमण से पहले यह शह गैस को भेजने और मापने का एक अहम केंद्र था।

# सीरिया में फिर भड़की हिंसा हजार से ज्यादा लोगों की मौत

## बशर अल असद के समर्थकों को बनाया जा रहा निशाना




### मारे गए लोगों में 745 आम नागरिक हैं, जिन्हें नजदीक से गोली मारी गई।

**सीरिया।** सीरिया में बशर अल असद सरकार के सत्ता से जाने के बाद कई वर्षों से चली आ रही हिंसा थमी थी, लेकिन कुछ दिन की शांति के बाद अब एक बार फिर से यह देश हिंसा की चपेट में है। दरअसल बीते दो दिनों से सीरिया के सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थकों के बीच जारी संघर्ष में एक हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। सीरिया के हालात पर नजर रखने वाले एक संगठन ने कहा है कि मारे गए लोगों में 745 आम नागरिक हैं, जिन्हें नजदीक से गोली मारी गई।

#### हिंसा प्रभावित इलाकों की बिजली पानी की सप्लाई काटी

संगठन का कहना है कि इस संघर्ष में सुरक्षा बल के 125 और असद समर्थक उग्रवादी संगठनों के 148 लोग मारे गए हैं। सीरिया की सरकार ने हिंसा प्रभावित लटकिया शहर में पीने के पानी और बिजली की सप्लाई काट दी है। सीरिया में हिंसा की शुरूआत गुरुवार को हुई, जो जल्द ही देश के कई हिस्सों में फैल गई। अलावी लोगों का आरोप है कि हिंसा के दौरान उनके समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और लोगों की सड़क किनारे और घरों के बाहर गोली मारकर हत्या की जी रही है। अलावी समुदाय के लोगों के घरों में लूटपाट और आगजनी की भी खबर है। जान को खतरा देख अलावी समुदाय के हजारों लोग सुरक्षा के लिए पास के पहाड़ों में शरण लिए हुए हैं। हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में बनियास कस्बा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बनियास में कई लोगों के शव सड़कों, घरों की छतों पर पड़े थे।

#### सुन्नी बनाम अलावी समुदाय के बीच हो रही हिंसा



शुक्रवार को सुन्नी मुस्लिम संगठन से जुड़े लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद के समर्थक अलावी समुदाय के लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। पूर्व राष्ट्रपति बशर अल असद भी इसी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। आरोप हैं कि बशर अल असद सरकार में अलावी समुदाय को काफी प्राथमिकता दी गई और सरकार में अहम पदों पर इनकी नियुक्ति हुई। यही वजह है कि सीरिया के सुन्नी समुदाय में इसे लेकर नाराजगी है और बीते दिनों जब सीरिया के विद्रोही गुट तहरीर अल शाम ने अपने नेता अबु मोहम्मद अल जुलानी के नेतृत्व में सीरिया की सत्ता पर कब्जा किया तो उसके बाद से ही सीरिया के अलावी समुदाय में एक डर का माहौल था।

# चीन के नौ विमान-सात जहाज, दो गुब्बारे ताइवान के आसपास दिखे ड्रैगन की सैन्य गतिविधि से चिंता



**ताईवान।** चीन की तरफ से ताइवान की सीमा पर सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी गई है। ताइवान की राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने दावा किया है कि, रविवार को सुबह छह बजे तक (स्थानीय समयानुसार) पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के विमानों की नौ एयरक्रॉफ्ट, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) के सात जहाज और दो चीनी गुब्बारे देखे गए हैं। ताइवानी एमएनडी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'ताइवान के आसपास संचालित पीएलए विमानों की नौ एयरक्रॉफ्ट और 7 पीएलएएन जहाज आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक देखे गए। नौ में से सात एयरक्रॉफ्ट मध्य रेखा को पार करके ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी एडीआईजेड में प्रवेश कर गईं। इस दौरान दो पीआरसी गुब्बारे देखे गए।'

#### एक दिन पहले भी दिखी थी सैन्य गतिविधि

शनिवार को इससे पहले, एमएनडी ने अपने आसपास चीनी विमानों की दो उड़ानें, छह चीनी नौसैनिक जहाज और आठ चीनी गुब्बारे देखे। ताइवानी एमएनडी ने कहा, 'ताइवान के आसपास पीएलए विमानों और 6 पीएलएएन जहाजों की 2 उड़ानें आज सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक देखी गईं। इस समयावधि के दौरान 8 पीआरसी गुब्बारे देखे गए। हमने स्थिति पर नजर रखी और तदनुसार प्रतिक्रिया की।'

#### ताइवान के आसपास चीन की बढ़ रही गतिविधि



यह घटना ताइवान के आसपास चीन की तरफ से हाल ही में की गई बढ़ती गतिविधियों के पैटर्न के बाद हुई है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता पर चिंताएं बढ़ गई हैं क्योंकि बीजिंग द्वीप पर अपने दावों पर जोर देना जारी रखता है। ताइवान पर 1949 से स्वतंत्र रूप से शासन किया जा रहा है। हालांकि, चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक अंतत: पुन: एकीकरण पर जोर देता है। ताइपे टाइम्स की एक पोस्ट के अनुसार, चीन ताइवान के खिलाफ अपने संज्ञानात्मक युद्ध प्रयासों को तेज कर रहा है।

# पाकिस्तान में मुफ्ती शाह मीर की गोली मारकर हत्या, कुलभूषण जाधव के अपहरण में था शामिल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक धार्मिक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, धार्मिक नेता मुफ्ती शाह मीर की शुक्रवार को केच के तुरबत शहर में उस वक्त निशाना बनाया गया, जब मुफ्ती रात की नमाज के बाद एक मस्जिद से निकले थे। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार हथियारबंद लोगों ने मुफ्ती शाह मीर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे मुफ्ती शाह मीर गंभीर रूप से घायल हो गए।

#### पहले भी हो चुका था जानलेवा हमला

पुलिस ने बताया कि मुफ्ती को हमले के तुरंत बाद अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मुफ्ती शाह मीर, जमीयत उलेमा ए इस्लाम-एफ के करीबी थे। इससे पहले भी उन पर दो बार जानलेवा हमला हो चुका था। इससे पहले खुजदार इलाके में जमात ए इस्लामी-एफ के दो अन्य नेताओं की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिस मुफ्ती की हत्या हुई है, वह भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मी कुलभूषण जाधव के अपहरण में भी शामिल था। साथ ही दावा किया जा रहा है कि मुफ्ती के पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ भी संबंध थे। साथ ही मुफ्ती पर कई बलूच युवाओं के अपहरण और उनकी न्यायिक हिरासत में हत्या में शामिल होने के भी आरोप थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुलभूषण जाधव का जैश अल अदल के मुल्ला उमर ईरानी के नेतृत्व में कथित तौर पर ईरान-पाकिस्तान सीमा से अपहरण किया गया था। इसके बाद कुलभूषण जाधव को पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया था। पाकिस्तानी सेना को कुलभूषण को सौंपे जाने के लिए जिन लोगों ने मध्यस्थता की थी, उनमें मुफ्ती शाह मीर भी शामिल था।

#### कुलभूषण जाधव के अपहरण में था शामिल

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में मंदिर में तोड़फोड़

# हिंदू-विरोधी नारे लिखे: सात महीने पहले भी कैलिफोर्निया के मंदिर में अभद्र नारे लिखे गए थे




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। ये घटना चिनो हिल्स इलाके में हुई। इसकी जो तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं, उनमें 'मोदी-हिंदुस्तान मुदार्बाद' जैसे स्लोगन और पीएम मोदी के लिए अभद्र भाषा लिखी दिखाई दे रही है। मंदिर बनवाने वाली संस्था BAPS अमेरिका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घटना की जानकारी शेयर की। सात महीने पहले सितंबर में भी कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में श्री स्वामीनारायण मंदिर में इस तरह की घटना हुई थी।

#### हिंदू संगठन बोला- खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले हुई घटना

अमेरिकी हिंदू संगठन CoHNA ने भी इस घटना की निंदा की है। संस्था ने कहा कि एक बार फिर हिंदू मंदिर को तोड़ा गया। यह बस एक आम दिन है, जब मीडिया और अकादमिक जगत यह मानने से इनकार करेगा कि हिंदू विरोधी नफरत मौजूद है और सिर्फ हमारी कल्पना बताया जाएगा। इसमें भी कोई हैरानी नहीं है कि ऐसा तब हो रहा है, जब लॉस एंजिलिस में खालिस्तान जनमत संग्रह का दिन नजदीक आ रहा है। CoHNA ने ये भी बताया कि 2022 से अब तक अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में कम से कम 10 मंदिरों में हिंदुओं के लिए अभद्र भाषा लिखी गई।

कैलिफोर्निया में खालिस्तान आंदोलन के समर्थक खालिस्तानी रेफरेंडम यानी जनमत संग्रह का आयोजन करा रहे हैं। यह आंदोलन भारत के पंजाब राज्य से अलग एक स्वतंत्र सिख राज्य की मांग करता है। इस रेफरेंडम का मकसद ग्लोबल स्तर पर खालिस्तान के समर्थन को बढ़ावा देना है।

#### भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना की निंदा की

भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मंत्रालय ने एक बयान जारी करके कहा कि हम स्थानीय लॉ अथॉरिटीज से अपील करते हैं कि वे आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। साथ ही पूजा की जगहों पर पर्याप्त सुरक्षा का इंतजाम करेंगे।

## ट्रंप के फैसले से बांग्लादेश में भुखमरी का बढ़ा खतरा

# करीब 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थी होंगे प्रभावित

**ढाका।** बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को खाद्यान्न में कटौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सहायता एजेंसियों ने धन में कटौती की है। कॉक्स बाजार, बांग्लादेश- बांग्लादेशी शिविरों में रहने वाले रोहिंग्या शरणार्थियों का कहना है कि वे अगले महीने से खाद्यान्न राशन में होने वाली कटौती से चिंतित हैं। अमेरिका ने इन शरणार्थियों को दी जाने वाली खाद्यान्न मदद को आधा करने का फैसला किया है। मामले में एक शरणार्थी अधिकारी का कहना है कि इस कटौती से 10 लाख से अधिक शरणार्थियों के पोषण पर असर पड़ेगा और साथ ही इसका सामाजिक और मानसिक असर भी होगा।

#### 2017 में 7 लाख से ज्यादा रोहिंग्या पहुंचे थे बांग्लादेश

बता दें कि, अगस्त 2017 के अंत में म्यांमार की सेना ने निकासी अभियान शुरू किया था। इसके बाद 7 लाख से अधिक मुस्लिम रोहिंग्या म्यांमार से भागकर बांग्लादेश पहुंचे थे। बौद्ध बहुल देश म्यांमार में रोहिंग्या जातीय समूह को भेदभाव का सामना करना पड़ता है और साथ ही उन्हें नागरिकता और अन्य अधिकारों से भी वंचित किया जाता है। 2021 में सैन्य तख्ता पलट के बाद देश में सशस्त्र संघर्ष जारी है और गृहयुद्ध की स्थिति है।



#### राशन के लिए मिलने वाली मदद में कटौती

यह स्पष्ट नहीं है कि विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) का निर्णय सीधे ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई से संबंधित है या नहीं। बांग्लादेश के अतिरिक्त शरणार्थी राहत और प्रत्यावर्तन आयुक्त शमसूद दौजा ने बताया कि पहले राशन के लिए मिलने वाली मदद 12.50 डॉलर प्रति माह थी जिसे अब घटाकर 6 डॉलर कर दिया गया है। दौजा ने कहा कि ऐसे और भी क्षेत्र हैं, जहाँ खाद्य राशन के अलावा बजट में कटौती की गई है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि यूएसएआईडी की मदद रुकने से बांग्लादेश में अन्य परियोजनाएं रुक जाएंगी लेकिन रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए सहायता राशि दी जाती रहेगी। यहां यह भी याद दिलाना जरूरी है कि बांग्लादेश में रह रहे रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए अमेरिका सबसे बड़ा मददकर्ता रहा है। शरणार्थियों के लिए मानवीय सहायता पर खर्च की जाने वाली मदद राशि का करीब आधा हिस्सा अकेले अमेरिका खर्च करता है। साल 2024 में इसके लिए यूएसए ने 300 मिलियन डॉलर की मदद दी थी।

बांग्लादेश में दशकों से लाखों लोग शरण लेकर रह रहे हैं और 2024 में करीब 70 हजार शरणार्थी म्यांमार से सीमा पार कर यहां पहुंचे हैं। अराकान सेना के रूप में जानी जाने वाली विपक्षी सेना ने सैन्य जुंटा से लड़ाई के दौरान रखाइन प्रांत पर कब्जा कर लिया। इसी राज्य से रोहिंग्या विस्थापित होकर बांग्लादेश में शरण लेने पहुंचे थे। अंतरराष्ट्रीय न्यायाय में म्यांमार पर रोहिंग्याओं के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया गया है। हालांकि, बांग्लादेश का कहना है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को म्यांमार वापस लौटना चाहिए।

#### ट्रंप ने रोकी तमाम विदेशी सहायता



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालते ही अधिकांश विदेशी सहायता रोक दी है। इतना ही नहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए काम करने वाली अमेरिकी एजेंसी यूएसएआईडी को भी भंग कर दिया। इसकी वजह से दुनिया भर में मानवीय मदद के लिए चलाए जा रहे काम पर बुरा असर पड़ा है और कई कार्यक्रम रुक गए हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश जारी करते हुए यूएस एड के फंड को रोक दिया था और 90 दिन की समीक्षा का निर्णय किया था। संयुक्त राष्ट्र की मुख्य खाद्य एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम ने हाल ही में घोषणा की थी कि 1 अप्रैल से बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में खाद्यान्न राशन में कटौती शुरू हो जाएगी। यह वही जगह है जहां रोहिंग्या शरणार्थियों के दर्जनों शिविर हैं।

# राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया भव्य होली मिलन मंगल समारोह





























**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** शनिवार को राजनगर स्थित राज नगर रेजिडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रामलीला मैदान सेक्टर-10 राजनगर में भव्य होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, एनएचआरआई के चेयरमैन आईएएस संतोष यादव , पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी, समर कूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव गुप्ता, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, वीरेंद्र सारस्वत, भागीरथ स्कूल के अध्यक्ष अनादी शुक्ला, भाजपा नेता अनिल सांवरिया। कार्यक्रम का मंच संचालन देवेंद्र हितकारी द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## विश्व संवाद केन्द्र की पत्रकारों संग फूलों की होली, कवियों ने बिखेरे शब्दों के रंग




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व संवाद केंद्र, मेरठ के तत्वावधान में रविवार को गाजियाबाद की शिप्रा सन सिटी स्थित अतिथि बैंकेट हाल में पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने होली की रचनाओं से मंत्रमुग्द किया और विभिन्न समाचार और मीडिया के पत्रकारों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। काव्य रचनाओं को सुनने के बाद सभी ने फूलों की होली खेली। ब्रज के रसिया, गीतों और मल्हारों पर होली का आनन्द उठाया। मंच का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि डॉ जय प्रकाश मिश्र ने किया। मंच पर सुप्रसिद्ध गीतकार ममता लड़ीवाल, इंद्रजीत सुकुमार, गजलकार संजीव निगम, श्रृंगार रस के कवि दीपक दीप, गीतकार इंदु शर्मा, तारा जी, कवि दुर्गेश, आर पी शर्मा, डॉ संजय प्रसून और हरिश्चंद्र सिंह 'हरीश' ने होली की रचनाओं और गीतों से सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। होली मिलन समारोह का आरंभ महर्षि नारद के चित्र के समक्ष डॉ अनिल त्यागी, सुश्री साल्वी, आर पी शर्मा एवं देवेंद्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में लगभग 180 बंधु / भगिनी की सहभागिता रही। जिसमें विभिन्न मिडिया संस्थानों से लगभग 100 से अधिक पत्रकार, लेखक, कवि और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आदि शामिल हुए। के जी सुरेश, राम कृपाल सिंह, अनंत विजय, स्मिता मिश्रा, हर्ष वर्णवाल, विष्णु शर्मा, प्रखर श्रीवास्तव, एस पी सिंह जैसे वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन उद्बोधन में विश्व संवाद केंद्र से डॉ अनिल त्यागी ने कहा कि ये संस्थान वर्ष में पत्रकारों एवं नागरिकों के साथ ऐसे ही विभिन्न कार्यक्रम और कार्यशाला करता है जिसमें सोशल मीडिया कार्यशाला, नागरिक पत्रकारिता कार्यशाला, पाठक सम्मेलन एवं साहित्य सम्मेलन शामिल है। साथ ही केंद्र से जागरण पत्रिका 'राष्ट्रदेव' भी निकाली जाती है जो समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय है। भोजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। इस अवसर पर केंद्र से अखिलेश, आशीष एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर चैम्पियंस ट्राफी जीती और पूरा देश जीत के जश्न में डूब गया। हिंदुस्तान की इस जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ मैच का लुफ्त ले रहे भाजपा विधायक संजीव शर्मा भी काफी उत्साहित हो गये। जीत के साथ कार्यकर्ताओं के उत्साह का फोटो उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर किया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।